54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.8°c
अधिकतम 25.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:57, सूर्यास्त - 6:09 | वर्ष : 54/ अंक : 46 | सोमवार, 16 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

पैसा हैसियत बदल सकता है औकात नहीं

अयोध्या का रेलवे स्टेशन भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण है : अखिलेश यादव



उठाओ रोज तुम मुद्दे...जमाने के.. सियासत के... न जाने कौन सा मुद्दा तुम्हें कुर्सी पे ले जाए...

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुए शिवालय, गूंजे बाबा के जयकारे

## शिवचौक पर जलाभिषेक एवं महा आरती में शामिल हुए भक्त





**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** बोल-बम और ऊं नमः शिवाय के गगनचुंबी जयघोष के बीच रविवार को देशभर के साथ हाइवे से नगर मुख्यालय, गांव-देहात व विभिन्न कस्बों में स्थित शिवालयों में श्रद्धा व आस्था के बीच बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ भक्ति का सैलाब उमड़ा रहा। इस बीच अपने आराध्यदेव भोलेनाथ को जलाभिषेक करने व उनकी कृपा पाने को आतुर शिवभक्तों ने पूजा की।

### जगमगाती रोशनी से चमका शिवचौक, उमड़ा भारी जनसैलाब

इस दौरान शिवचौक समेत अन्य शिवालयों और मंदिरों में पुलिस बलों की निगरानी में बाबा शिव को जलाभिषेक करने को सुबह से भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी।

महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को बाबा आशुतोष के भक्तों का जोश हाईवे से संपर्क मार्गों तक हर ओर देखने लायक रहा, इसमें पैदल के साथ टीम के साथ डाक कांवड़ लेकर गंतव्य की ओर जाने वालों की संख्या में पूर्व के रिकार्ड तोड़ दिए, वहीं हाईवे से मुख्यालय तक पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। शिवचौक पर जलाभिषेक करने को उमड़ी शिवभक्तों की संख्या के आगे तमाम व्यवस्थाएं कम दिखी। इस बीच आलाधिकारियों के साथ पुलिस बल व शिवमूर्ति संचालन मंडल व्यवस्था बनाने में जुटा रहा।

श्रद्धालुओं ने बाबा शिव का लाइन में लगने के बाद जलाभिषेक किया, वहीं नगर के अन्य शिवालयों व मंदिरों में इस बीच शिवलिंग पर पंचामृत, भांग-धतूरे, फल-फूल व अन्य पूजन सामग्री के साथ शिव का पूजन-अर्चना करने के साथ भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक कराने का क्रम जारी रहा। वहीं जनपद के पौराणिक मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक करने को भक्तों दिखाई दी। महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से मां गंगा का पवित्र गंगाजल लेकर जनपद की सीमा से होकर गुजरे सभी कांवड़ियों के जनसैलाव के शांतिपूर्ण गुजरने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

शिवचौक के अलावा गांधी कॉलोनी में श्री अनंतेश्वर महादेव मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, शिव शक्ति शनि मंदिर सुभाषनगर, श्री संकट हरनी मंदिर, गणपति धाम में हरिहर महादेव मंदिर, श्री बालाजी धाम व श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने बाबा का दुग्ध, दही, शहद, घी, शकरा और पंचामृत के साथ मां गंगा के जल को चढ़ाने के साथ घर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

वहीं रेलवे स्टेशन स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर समेत मौ. ब्रह्मपुरी, इन्द्रा कालोनी, आर्यपुरी, साकेत, आनन्दपुरी, केशवपुरी, रामपुरी, सुभाषनगर, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी, नुमाईश कैंप, गांधी कालोनी समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को लाइनों में घंटों तक लगी रही।

## डीएम-एसएसपी व चेयरपर्सन ने संयुक्त रूप से की महाआरती

**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** बोल-बम, बम-बम के जयघोषों के बीच महाशिवरात्रि पर नगर के हृदय स्थल शिव चौक पर आस्था एवं भक्ति का सैलाब दिखाई दिया। शिवमूर्ति संचालन मंडल की ओर से शिवचौक पर आयोजित महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय वर्मा और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप समेत नगर के संभ्रांत लोगों के अलावा संचालन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान महाआरती में पधारे अतिथियों को शिवमूर्ति संचालन समिति ने पटका पहना कर स्वागत किया। शिवचौक पर आयोजित की गई महाआरती कार्यक्रम में डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय वर्मा, एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, श्री शिवमूर्ति संचालन समिति के अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, उद्यमी भीम कंसल, शिव चरण गर्ग, उद्यमी रघुराज गर्ग, व्यापारी संजय मित्तल, अधिवक्ता सुखदेव मित्तल, परीक्षित मित्तल, कन्हैया शर्मा, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा समेत बड़ी संख्या में नगर की जनता व जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व दोपहर में शिवचौक पर संपन्न आरती में नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सीओ सिटी के सिद्धार्थ मिश्रा ने संयुक्त रूप से सपत्नीक भाग लेते हुए बाबा की पूजा-अर्चना करते हुए बाबा की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्री शिव मूर्ति संचालन मंडल अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, उद्यमी भीम कंसल, शिव चरण गर्ग, अरविन्द भारद्वाज, कुलदीप चौहान, रजत गोयल, गौरव मुंडे समेत बड़ी संख्या में शिवभक्तों के साथ ही कांवड़ियां मौजूद रहे।

## टी-20 विश्वकप में भारत की पाकिस्तान पर जीत शिवचौक पर मनाया गया जश्न, लहराया तिरंगा



**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत हासिल करने के बाद शिवचौक देशभक्ति में डूबा नजर आया। शिवरात्रि के चलते एक ओर जहां भजन संध्या चल रही थी वहीं दूसरी ओर हाथों में तिरंगे लिये देशभक्तों का तांता भी लग गया। शहर के चारों ओर से लोग एकाएक शिवभक्ति व देशभक्ति के लिए सड़कों पर उमड़ गए। भारत माता की जय के नारों के साथ कभी भगवान शिव के नारे तो कभी भारत माता की जय के नारे लगते सुनाई दिये। मैच होने से पहले ही भारतीयों को अंदाजा था कि पाकिस्तान पर शानदार जीत हासिल की जाएगी। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान को 176 रनों का लक्ष्य दिया था। मगर पाकिस्तान की पूरी टीम 114 रनों पर ही लुढ़क गयी। पाकिस्तान पर जीत हासिल करने के बाद शहर के विभिन्न हिस्सों व शिवचौक पर आतिशबाजी का नजारा देखा गया। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई साथ ही साथ गले लगकर बधाई दी। देर रात तक पूरा शहर शिवमय और अपने देश की भक्ति में डूबा दिखाई दिया।

## यूपी: विधानसभा में बजट पर चर्चा आज से

**लखनऊ, 15 फरवरी (एजेंसी)।** विधानमंडल के बजट सत्र के तहत सोमवार से वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा शुरू होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पहले विधायकों को बजट पर बोलने का मौका देंगे। शुक्रवार तक होने वाली इस चर्चा का अंत दलीय नेताओं, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन से होगा। ऐसा अनुमान है कि सीएम अंतिम दिन इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे। इसके बाद बजट अनुदानों की मांगों पर विचार और मतदान होगा। अंतिम दिन शुक्रवार को सदन में बजट को पारित कराया जाएगा। बता दें कि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बीती 11 फरवरी को विधानसभा में 9.12 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया था। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में और किसान उत्पीड़न को लेकर 17 को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि किसानों का हर स्तर पर उत्पीड़न हो रहा है। उसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।। उन्होंने बताया कि किसान कांग्रेस की ओर से प्रदेशभर में किसान अधिकार गांव संवाद अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत किसान कांग्रेस के पदाधिकारी गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करेंगे। उन्हें भाजपा सरकार की गलत नीतियों की जानकारी देंगे। भारतीय राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला ने कहा कि किसान अधिकार गांव संवाद अभियान के तहत संगठन के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर 50-50 किसानों के समूहों में इस समझौते से आने वाले खतरों और नुकसानों के प्रति किसानों को आगाह करेगा।



# युवक की हत्या कर शव जंगल में फेंका

**मुजफ्फरनगर, , 15 फरवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मलीरा में युवक की हत्या कर शव को गांव के बाहर जंगल में फेंक दिया गया। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामले के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। मृतक युवक की शिनाख्त हो गयी है।



रविवार सुबह शहर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि गांव मलीरा के जंगल में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर शहर कोतवाली प्रभारी बबलू सिंह वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल में मृतक युवक के सिर पर चोट के निशान पाए गए। मृतक की पहचान गांव मलीरा निवासी संदीप के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक रुड़की रोड स्थित एक फैक्ट्री में ढलाई का काम करता था। वह रात्रि में ड्यूटी करता था। उसकी पत्नी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को उसका पति घर से काम के लिए शाम के समय निकला था,



लेकिन रात्रि में वह फैक्ट्री पर नहीं पहुंचा। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। कुछ संदिग्ध पुलिस की निगरानी में है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक की हत्या का शव को गांव के बाहर फेंका गया है। खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## 100 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने 20 लाख की कीमत की 100 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर से 40 हजार रुपए व इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत चैकिंग अभियान में बिजली टॉवर के पास से मजहर त्यागी उर्फ पप्पू त्यागी निवासी आयशा मस्जिद के पीछे सरवट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से 100 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक धर्मकांटा व 40 हजार रुपए बरामद किए हैं। बरामद स्मैक की कीमत लगभग 20 लाख रुपए आंकी गयी है। आरोपी स्मैक को पुड़िया बनाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करता था। आरोपी के अन्य साथियों की पुलिस तलाश कर रही है। उसके लिए पुलिस आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल को खंगाल रही है।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**मुजफ्फरनगर/रोहाना, 15 फरवरी (बु.)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रोहाना चौकी क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार का चिराग बुझा दिया। ग्राम बड़कली कट पर सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रविवार को रोहाना क्षेत्र के गांव बड़कली कट पर एक युवक पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। हादसे की सूचना मिलते ही रोहाना चौकी प्रभारी मोहित कुमार टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों की मदद से उसकी शिनाख्त शुरू की। मृतक की पहचान 25 वर्षीय अलीशान पुत्र जफर, निवासी बेहड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। फरार वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार दो घायल, एक की मौत

**सिखेड़ा, 15 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव मिर्जाटिल्ला के पास ट्रैक्टर चालक ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। रितेश पुत्र वीरेंद्र कुमार और विकास पुत्र मंगलेश निवासी नाईपुरा मजरा ढांसरी थाना जानसठ जौली मुजफ्फरनगर मार्ग पर स्थित त्रिवेणी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। शनिवार की रात लगभग नौ बजे जब दोनों फैक्ट्री से अपने घर वापस जा रहे थे। गांव मिर्जाटिल्ला के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर रितेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और विकास की नाजुक हालत होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना पुलिस ने स्वजन को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की तहरीर थाने में नहीं आई है। ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया था, जिसे पुलिस थाने ले आई। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## फंदे पर लटका मिला शादीशुदा युवक का शव

### युवती से प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की चर्चाएं, तीन बच्चों को बिलखता छोड़ गया

**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)। थाना ककरौली क्षेत्र के चौरावाला गांव के निवासी अंकज ने रविवार को आत्महत्या कर ली। कमरे का दरवाजा ना खुलने पर जब उसे तोड़ा गया तो अंदर उसका शव अंदर लटका मिला। वह उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के लंढौरा स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था और शनिवार को ही घर आया था। मृतक अपने पीछे पत्नी किरण, पांच वर्षीय पुत्र विशु, दो वर्षीय पुत्री परी और दो माह का एक पुत्र छोड़ गया है। उसके परिवार में पिता सुभाष, मां किरणवती, बहन कुसुम, कविता, भाई सोनू, आकाश हैं। सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में अंकज की संदिग्ध मौत को लेकर प्रेम प्रसंग की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों के अनुसार, अंकज का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी शादी 22 फरवरी को होनी है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि प्रेमिका की शादी के कारण अंकज ने यह कदम उठाया है।**



S. M. HOSPITAL
एस एम हॉस्पिटल
SHANTI MADAN HOSPITAL
Always caring, Always here.
Fortis HOSPITAL
Shalimar Bagh, Delhi

किडनी
से संबंधित हर समस्या का समाधान।
NABH
डॉ. भानु मिश्रा एक अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट, जो किडनी से जुड़ी सभी समस्याओं का इलाज करते हैं। शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में अब आपको मिलेगा विशेषज्ञ इलाज।



Dr. Bhanu Mishra
M.D. (General Medicine)
DrNB (Nephrology)
Kidney Transplant Expert
consultant at
FORTIS HOSPITAL, Shalimar Bagh, Delhi.

नेफ्रोलॉजी ओ. पी. डी.
प्रत्येक महीने के हर मंगलवार
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक



आपकी किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए डॉ. भानु मिश्रा आपके साथ हैं। शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में किडनी का सबसे भरोसेमंद इलाज।

मुख्य सेवाएँ:
- किडनी बायोप्सी (kidney biopsy)
- ग्लोमेरूलोनेफ्राइटिस (Glomerulonephritis)
- डायलिसिस (Dialysis)
- किडनी की विफलता (Kidney Failure)
- उच्च रक्तचाप (High BP) से जुड़ी किडनी समस्याएँ
- डायबिटीक किडनी रोग (Diabetic Kidney Issue)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
For Appointments: 9760 25 4747
www.shantimadanhospital.com
244, North Civil Lines, Thana Civil Lines, Muzaffarnagar.

# राजेश जैन गर्ग डूप्लेक्स के बने अध्यक्ष व सौरभ जैन को सचिव का जिम्मा

## - जैन स्कूल कमैटी की प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी घोषित



**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** नगर में संचालित समस्त जैन शिक्षण संस्थाओं की सर्वोच्च संस्था जैन स्कूल कमैटी (रजि.) मुजफ्फरनगर की प्रबन्ध समिति का रविवार को आगामी पंचवर्षीय कार्यकाल हेतु निर्वाचन संपन्न हो गया। चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एसडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश सक्सेना एवं पूर्व प्रधानाचार्य शिव कुमार यादव की देखरेख में संपन्न निर्विरोध चुनाव में पूर्व की भांति नावला गुट का दबदबा रहा। रविवार को निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत निर्वाचन स्थल जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर के प्रांगण में निर्वाचित किये जाने वाले 05 पदाधिकारी एवं 08 सदस्य पदों के सापेक्ष 5 पदाधिकारी एवं 8 सदस्यों के नामांकन पत्र शेष रहने के कारण चुनाव चिन्ह आवंटन एवं मतदान की कोई जरुरत नहीं रही। निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रकाश सक्सेना प्रधानाचार्य, एस डी इंटर कॉलेज जैन स्कूल कमैटी (रजि.) मुजफ्फरनगर द्वारा प्रबन्ध समिति के लिए राजेश जैन (गर्ग डुप्लेक्स) को अध्यक्ष, महीपाल जैन सर्राफ उपाध्यक्ष, सौरभ जैन (नावला वाले) सचिव, प्रियंक कुमार जैन सह-सचिव और पवन कुमार जैन (बसेड़ा वाले) को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा जैन स्कूल कमैटी के 8 सदस्यों के रूप में रोहित जैन अप्पू, अंकुर जैन, आशीष जैन सीए, कुलदीप जैन, पंकज जैन, मनोज जैन एलजी, संदीप कुमार जैन व सुभाष चन्द बजाज के नाम की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी पदाधिकारियों की घोषणा के साथ समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर चुनाव अधिकारियों व पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान संजय जैन (पारस टीएमटी), रविन्द्र जैन, विनेश जैन, सुनील जैन, विप्लव जैन, पवन जैन, राजकुमार जैन, राजेन्द्र जैन, सुशील जैन, विपिन जैन, वैभव जैन, गौरव जैन, शुभम जैन, आशीष जैन, ऋषभ जैन, अभिनव जैन, अविरल जैन, निखिल गर्ग एवं समस्त जैन शिक्षण संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा समस्त जैन समाज मुजफ्फरनगर का विशेष योगदान रहा।

# जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु मंदिरों पर लगी रही लाइन

**जानसठ, 15 फरवरी (बु.)।** फाल्गुन मास की त्रयोदशी और चौदस के अवसर पर भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जानसठ कस्बे में स्थित सिद्ध पीठ श्रीज्ञानेश्वर महादेव मंदिर पर लंबी लाइन लगी रही। रविवार की सुबह से ही मंदिरों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना आरंभ हो गया था। आठ बजे तक मंदिरों पर लंबी लंबी कतार लग गई। कस्बे में स्थित सिद्ध पीठ श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर सहित आसपास क्षेत्र के गांवो के सभी शिव मंदिरों के शिवलिंग पर श्रद्धालुओं द्वारा गंगाजल, बेल पत्र, दूध, दही, पंचामृत, फल, फूल और मिठाई अर्पित कि गई। श्रद्धालुओं ने शिवरात्रि का व्रत रखा और मंदिरों में पहुंचकर विशेष पूजन किया। इस दौरान परिवार में सुख समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की गई। सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं ने त्रयोदशी का जल चढ़ाया। उसके बाद चौदस आने पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने चौदस का जल चढ़ाया। मंदिरों पर जलाभिषेक के दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए। सभी मंदिरों और मुख्य चौराहो पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह भी पुलिस फोर्स को साथ लेकर गश्त करते रहे।

# दून वैली ने बजाया सीड्स टू स्काई थीम के साथ रण कुंभ-2 का बिगुल








**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बुस.)।** दून वैली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व नगर विधायक अशोक कंसल, संघ प्रचारक तपन जी, जिला खेल अधिकारी भूपेंद्र सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर नारंग एवम विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और प्रेरणादायक संबोधन के साथ हुआ। वार्षिक खेलकूद में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, ड्रिल तथा अन्य खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैदान में बच्चों का जोश और टीम स्पिरिट देखने लायक थी। मार्च पास्ट ने कार्यक्रम की शुरूआत को और भी आकर्षक बना दिया, जहाँ विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकता का सुंदर प्रदर्शन किया। रण कुंभ-2 का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था। अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। अंत में विजेताओं को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या ईवा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस प्रकार "रण कुंभ-2 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी के लिए प्रेरणादायक एवं यादगार बना।

# चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह भव्यता के साथ हुआ सम्पन्न








**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बुस.)।** चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक बिशंबर पंचाल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कश्यप (राष्ट्रीय अध्यक्ष, सामाजिक न्याय पार्टी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन उप प्रधानाचार्या सानया निगम ने किया। प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। समारोह में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी वर्ग की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत बटरफ्लाई डांस, एलकेजी विद्यार्थियों का वेलकम सॉन्ग तथा यूकेजी के बच्चों की सेव ट्रीज थीम प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कक्षा 1-2 के विद्यार्थियों ने मोटिवेशनल थीम और टाइमलेस ट्यून्स के माध्यम से प्रेरणादायक संदेश दिया। कक्षा-4 के विद्यार्थियों ने सावित्रीबाई फुले श्रद्धांजलि तथा फेस्टिवल ऑफ इंडिया प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। वरिष्ठ वर्ग की प्रस्तुतियों में नारी शक्ति नाटक, कल्चर डांस, तथा मुख्य अतिथि के स्वागत में विशेष नृत्य कार्यक्रम ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 4-5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति आधारित नाट्य प्रस्तुति ऑपरेशन सिंदूर रही, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अंत में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक बिशंबर पंचाल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र कश्यप (राष्ट्रीय अध्यक्ष, सामाजिक न्याय पार्टी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्या ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अंत में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया आयोजन

**जानसठ, 15 फरवरी (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह की देखरेख में क्षेत्र के रामराज, मीरापुर, राजपुर कला, सिखेड़ा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में आए सभी मरीजों की जांच कर उन्हे दवाइयां दी गई। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 122 मरीजो को दवाई का वितरण किया। स्वास्थ्य मेले में अधिकांश निमोनिया, एलर्जी, गला खराब, दमा, खांसी, जुखाम, बुखार, अस्थमा से संबंधित मरीज पहुंचे। मेले में पीएचसी स्टाफ के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी और सहायिकाओं के द्वारा बच्चों का वजन किया। एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 31 मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि इस दौरान डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. मोहित कुमार, फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम आदि उपस्थित रहे।



# ब्रह्मकुमारीज द्वारा धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बामनहेरी सेवा केंद्र पर महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल बामनहेरी गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी माताओं, युवाओं एवं ग्रामीणों उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा सेवा केंद्र से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः केंद्र पर संपन्न हुई। यात्रा में आध्यात्मिक संदेशों से युक्त बैनर-पोस्टर एवं शिव महिमा के गीतों ने वातावरण भक्तिमय बना दिया। बच्चों एवं युवाओं की अनुशासित सहभागिता ने इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। शोभायात्रा के उपरांत सेवा केंद्र परिसर में सार्वजनिक कार्यक्रम का कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शिव स्तुति से हुआ। केशवपुरी सेवा केंद्र की इंचार्ज राजयोगिनी बीके जयंती दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्म जागृति व परिवर्तन का दिव्य संदेश देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परमपिता शिव निराकार, ज्योतिर्बिंदु स्वरूप परमात्मा हैं, जो कलियुग के अंधकार में ज्ञान का प्रकाश फैलाकर मानव जीवन को पवित्र बनाने का कार्य करते हैं। इस दौरान ब्रह्माकुमार शशांक ने कहा कि महाशिवरात्रि का संदेश है-जागो आत्मा, परमात्मा आ चुके हैं। यह पर्व आत्मा से परमात्मा के मिलन, आत्मशुद्धि और दिव्य जीवन की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। इस दौरान शलभ गुप्ता व आचार्य संजीव शर्मा ने भी ब्रह्माकुमारीज द्वारा समाज को श्रेष्ठ बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

# बसंतोत्सव पर न्यू होराइजन स्कूल में बिखरी सतरंगी छटा

## - चेयरपर्सन व ईओ पालिका ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह






**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** शनिवार को न्यू होराइजन स्कूल में बसंत उत्सव प्रकृति की नवपल्लवित आभा, उल्लास व रंगों की सतरंगी छटा के साथ अत्यंत भव्य एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाले वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस सांस्कृतिक महोत्सव की गरिमा को ऊँचाइयाँ प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप तथा गेस्ट ऑफ ऑनर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन के पावन अनुष्ठान के साथ प्रारंभ कार्यक्रम ने परिसर को सकारात्मक ऊर्जा, मंगलभाव और उत्साह से आप्लावित कर दिया। इस दौरान प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चे कीट-पतंगों एवं पशु-पक्षियों के मनोहर रूपों में सजे-धजे, बाल-सुलभ मुस्कान के साथ मंच पर छा गए। एलकेजी के विद्यार्थियों द्वारा देश के विविध प्रांतों की संस्कृति, परंपरा और वेशभूषा को जीवंत प्रस्तुति में ढालकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अनुपम झलक दिखाई। यूकेजी की ओपन कैटेगरी में बच्चों की कल्पनाशीलता व आत्मविश्वास देखते ही बनता था। कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने सृजनात्मक सोच से बसंत ऋतु की कोमलता, रंगीन कली-कुसुम और उल्लास को कागज पर साकार कर दिया। बच्चों के हाथों पर बने रंग-बिरंगे टैटू आकर्षण का केंद्र रहे, जिससे पूरा परिसर रंगीन, उत्सवमय और आनंदोल्लास से सराबोर हो उठा। मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरित करते हुए बच्चों को सम्मानित किया, जिससे बच्चों का उत्साह द्विगुणित हो गया व उनके चेहरों पर अपार आनंद झलक उठा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में आशा जैन, मुक्ता वर्मा, पूर्णिमा कांबोज, अनु कुच्छल, अल्पना गोयल, नीरू शर्मा एवं अंजली मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन अवसर पर प्रधानाचार्या मीनाक्षी मित्तल ने सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ देते हुए सफल आयोजन में सहयोग के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति कृतज्ञता सहित धन्यवाद ज्ञापित किया।






# गिरधारी लाल जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मिनी साइंस एग्जीबिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई नवाचार की अद्भुत झलक

**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बुस.)।** श्री गिरधारी लाल जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल द्वारा जैन औषधालय, प्रेमपुरी में आयोजित पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग सह मिनी साइंस एग्जीबिशन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी वातावरण में सम्पन्न हुई। यह प्रदर्शनी दोपहर 2:00 बजे से प्रारम्भ होकर सायं 5:00 बजे तक उत्साहपूर्वक आयोजित की गई, जिसमें हजारों की संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट मॉडल, प्रयोग एवं प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता, रचनात्मकता एवं नवाचार की भावना प्रत्येक प्रस्तुति में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। बच्चों ने अपने मॉडलों की व्याख्या पूरे आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ की, जिससे अभिभावक अत्यंत प्रभावित हुए। प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण खाद्य पदार्थों में मिलावट से बचाव विषय पर आधारित मॉडल एवं लाइव टेस्टिंग प्रदर्शन रहा। विद्यार्थियों ने सरल एवं घरेलू तरीकों से यह प्रदर्शित किया कि दूध, हल्दी, मिर्च, नमक आदि खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान कैसे की जा सकती है। बच्चों ने जंक फूड के दुष्प्रभावों को भी वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से समझाया तथा अभिभावकों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से जन-जागरूकता का संदेश दिया। विशेष रूप से यूकेजी के नन्हें विद्यार्थियों की सुंदर, सुस्पष्ट एवं आकर्षक हैंडराइटिंग सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थी। इतनी कम आयु में उनकी लेखन-कला सराहनीय रही। वहीं बच्चों द्वारा प्रस्तुत मेहंदी आर्ट अत्यंत मनोहारी, संतुलित एवं कलात्मक थी, जिसकी उपस्थित अभिभावकों ने खुलकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की बोलने की कला, मंच संचालन क्षमता एवं विषय की गहन समझ अत्यंत प्रभावशाली रही। प्रत्येक विद्यार्थी आत्मविश्वास एवं अनुशासन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहा था। इस अवसर पर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच विद्यार्थियों की शैक्षणिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक प्रगति पर सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ। अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं समर्पित स्टाफ की अथक मेहनत की भूरि-भूरि सराहना की। विद्यालय के शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ के योजनाबद्ध मार्गदर्शन एवं समर्पण के कारण यह कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित, भव्य एवं सफल रहा। यह आयोजन सभी के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण रहा। प्रधानाचार्य अलका जैन, गंधर्व गौतम जैन एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर वृंदा जैन (मणिमला रावत, अमिता), दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान राखी जैन, आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य आयुक्त डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला को सर्टिफिकेट ऑफ कमेंडेशन से सम्मानित किया गया



**लखनऊ/ मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बुस.)।** लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित ग्रैंड फिनाले ऑफ द डायमंड जुबली 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में जनपद मुजफ्फरनगर के स्काउट गाइड के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आज 14 फरवरी को बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित प्रादेशिक समिति की बैठक में जिले की मुख्य आयुक्त डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला को उनके उत्कृष्ट कार्य कुशल नेतृत्व एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए सर्टिफिकेट ऑफ कमेंडेशन से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए सभी स्काउट गाइड पदाधिकारी एवं प्रशिक्षकों तथा प्रतिभागियों ने मुख्य आयुक्त को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके निरंतर मार्गदर्शन की कामना की इस विशेष उपलब्धि में सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर सहारनपुर मंडल अमित सैनी जिला स्काउट कमिश्नर विजय शर्मा, जिला गाइड कमिश्नर डॉ. राजेश कुमारी, सहायक गाइड कमिश्नर रेनू गर्ग, जिला सचिव अनिल कौशिक, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, जिला कमिश्नर वयस्क संसाधन संतोष कुमार वर्मा, जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोड़ा, प्रभा दहिया, अनुज कुमार एवं गुंजन चौधरी आदि का विशेष योगदान रहा।

# ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में बच्चों का किड्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का अंतिम दिवस सफल रहा



**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बुस.)।** ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में 2.5 से 4 वर्ष की आयु वाले बच्चों का किड्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का अंतिम दिवस सफल रहा व भारत विकास परिषद की ओर से आँखों के कैंप का आयोजन हुआ। स्थानीय ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद की ओर से आँखों का कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा-6, 7 व 8 के छात्र व छात्राओं का निःशुल्क चेकअप किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष त्यागी, हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान एवं काउंसलर कंचन सोनी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल द्वारा किड्स स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव कार्यक्रम विशेष रूप से 2.5 से 4 वर्ष की आयु वाले बच्चों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसमें सप्ताह के अंतिम दिन बच्चों ने जंपिंग, बॉल किकिंग, बिनबैग स्कुँट्स इन क्रिया-कलापों के द्वारा खूब आनन्द लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हार-जीत नहीं, बल्कि बच्चों का हौसला बढ़ाना है। सभी गतिविधियाँ बच्चों की उम्र और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित मार्गदर्शकों की देखरेख में संपन्न कराई जा रही है। इस कार्यक्रम का समापन 16.02.26 को 2.5 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का निःशुल्क आयोजन किया जाएगा और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र व सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# डीएस पब्लिक स्कूल में मैजिक शो का आयोजन




**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)।** डीएस पब्लिक स्कूल में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा बच्चों के मनोरंजन के साथ ही उनमें चमत्कारों के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए एक रोचक मैजिक शो का आयोजन किया गया। मैजिक शो में जादूगर भारत सोनी ने बच्चों को जादू के अनेक करतब दिखाए और बच्चों को जादू से जुड़े शिक्षाप्रद सामाजिक संदेश भी दिए। उन्होंने बच्चों को रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि जादू केवल हाथ की सफाई व विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित एक कला है। किसी भी चमत्कार के पीछे कोई ना कोई ट्रिक अथवा कोई वैज्ञानिक कारण होता है, ऐसे में हमें अंध विश्वास में ना पड़कर चमत्कार के पीछे छुपे कारण को जानना चाहिए। विद्यालय के मंच पर जादूगर भारत सोनी ने बच्चों को हवा में छड़ी पैदा करना, कभी ना खत्म होने वाले पानी वाले मटके का जादू वाटर ऑफ इंडिया, रुमालों का रंग बदलना, खाली पैकेट में से गुलदस्ते निकालना, खाली कार्ड बोर्ड में से फूल निकलना, खाली डब्बे से नोटों की बारिश, बच्चों के हाथ में से अंगूठी गायब तथा फिर उसे एक छोटे बक्से से बरामद करना, बच्चों के कान से दूध निकालना, अखबार से नोट निकालना, कोल्ड ड्रिंक का रंग बदलना जैसे करतब दिखाकर सभी को हैरत में डाल दिया। वाटर ऑफ इंडिया माया के द्वारा जादूगर भारत सोनी ने बच्चों को जल संरक्षण का संदेश दिया। एजुकेशन डायरेक्टर संतोष जैन एवं प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने इस मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक मैजिक शो के लिए जादूगर भारत सोनी की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 159200 | चांदी- | 253000 |
| सिक्का- | 2615 | गिन्नी- | 117855 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# लिटिल मैनर स्कूल में विशेष आर्ट फेस्ट सितारे जमीन पर का भव्य आयोजन





**मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बुस.)।** नई मंडी स्थित लिटिल मैनर स्कूल में आज बच्चों और उनकी माताओं के लिए एक विशेष आर्ट फेस्ट सितारे जमीन पर का रंगारंग आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना, कला के प्रति रुचि बढ़ाना तथा अभिभावकों के साथ उनके भावनात्मक जुड़ाव को और सशक्त बनाना रहा। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, रंगों और मुस्कान भरे क्षण देखने को मिले। आर्ट फेस्ट के अंतर्गत बच्चों और माताओं के लिए कला एवं सृजनात्मकता से जुड़ी अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कपकेक एवं होल्डर वर्कशॉप के साथ-साथ फायर फ्री कुकिंग और बेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने सुरक्षित तरीके से अपनी रचनात्मकता दिखाई। इस दौरान माताओं ने अपने बच्चों के प्यारे-प्यारे पोर्ट्रेट बनाए, जो इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहे। पोर्ट्रेट आर्ट गतिविधि में विवान, आरुष शर्मा, अनाया गुप्ता, प्रियल और वरदान जैसे बच्चों की मुस्कान और अभिव्यक्ति को माताओं ने रंगों के माध्यम से खूबसूरती से उकेरा। संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया, जिसमें वागीशा, श्रीनिका, आराध्या और गौरी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लूडो और शतरंज जैसे खेलों में वैदिक, शिवराज, अनिक सहित अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन खेलों के माध्यम से बच्चों में खेल भावना, एकाग्रता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन अंकुर गोयल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आर्ट फेस्ट बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें आत्मविश्वासी और संवेदनशील नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस रंगारंग आयोजन के दौरान विद्यालय प्रशासन ने यह भी विशेष ध्यान रखा कि आज ही के दिन पुलवामा में हुए आतंकी हमले में भारत के वीर सैनिक शहीद हुए थे। उनकी स्मृति में बच्चों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यापकों ने बच्चों को बताया कि सैनिक हमारे देश की रक्षा करते हैं और उन्हीं की वजह से हम सुरक्षित रहकर अपने त्यौहार और खुशियाँ मना पाते हैं। इसी भावना के अंतर्गत बच्चों ने सैनिकों से संबंधित सुंदर और भावपूर्ण कलाकृतियाँ भी बनाई, जो देशभक्ति और सम्मान की भावना को दर्शाती थीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यापिकाएँ अपूर्वा शर्मा, इशिता पराशर, वंशिका गोयल, शोभिता रहेजा, सिमरन कौर, दीपांशी अरोड़ा सहित समस्त शिक्षकों और स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। बच्चों के लिए विशेष आकर्षक उपहारों की भी व्यवस्था की गई, जिससे उनका उत्साह और आनंद और अधिक बढ़ गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्या शिम्पी कपूर और शिल्पी बक्शी ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की और सभी का हार्दिक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सितारे जमीन पर जैसे आयोजन बच्चों की कला, संवेदनशीलता और सामाजिक मूल्यों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर, सितारे जमीन पर आर्ट फेस्ट कला, खेल, भावनाओं और देशभक्ति का एक सुंदर संगम साबित हुआ, जो बच्चों, माताओं और विद्यालय परिवार के लिए लंबे समय तक यादगार रहेगा।

# भगवान शिव का जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की




**शाहपुर, 15 फरवरी (बुस.)।** कस्बे व देहात में फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। क्षेत्र के गांव पलड़ा स्थित सिद्ध पीठ श्रीएकांतेश्वर महादेव जुड्डी वाले शिव मंदिर व गांव गोयला स्थित सिद्ध पीठ बारह वाला शिव मंदिर में प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष का पंचामृत से जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। इसके अलावा कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर, सिद्ध पीठ मां श्री गोकुला देवी मंदिर, श्री बालाजी धाम, श्री राम मंदिर, शिव दुर्गा मंदिर, मंगलपुरी मंडी स्थित शिव मूर्ति, ठाकुर द्वारा मंदिर व पीपलेश्वर हनुमान मंदिर आदि में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। वही गांव सोरम, पलड़ी, पलड़ा, काकड़ा, रसूलपुर जाटान, आदमपुर, कुटबा, कुटबी, चांदपुर, धनायन व दिनकरपुर आदि गांवों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर व्रत रखा।



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## नसीमुद्दीन , समाजवादी पार्टी में शामिल

समाजवादी पार्टी, लोकसभा में कांग्रेस के बाद दूसरी बड़ी पार्टी है। यह बात उससे जुड़े नेताओं का मनोबल बढ़ाती है। जनता अभी समाजवादी पार्टी को कितना मूल्य देती है, यह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा, फिलहाल इतना साफ है कि भाजपा के विरोधी,समाजवादी पार्टी को मूल्य दे रहे हैं। समाजवादी पार्टी का गणित बिगड़ सकता है, अगर ओवैसी की पार्टी या बसपा 2027 चुनाव को गंभीरता से लड़ें। नसीमुद्दीन ने सपा में शामिल होने के बाद कहा है कि सत्ता बदलनी है। इस पर एक यूजर ने कहा कि क्या जमाना आ गया? सत्ता के आदी लोग, सत्ता का लाभ उठाने के लिए दल बदलने वाले लोग भी सत्ता बदलने की बात कर रहे हैं। किसी भी नेता के दल बदलने पर इस तरह की टिप्पणियां होती ही रहती हैं। आजम खान के जेल में जाने के कारण क्या नसीमुद्दीन उनकी कमी पूरी करेंगे? क्या नसीमुद्दीन अभी भी,मुसलमानों के वोट समाजवादी पार्टी को दिलाने लायक नेता हैं? ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं, इनका जवाब समय ही देगा। सियासी गलियारों में चर्चा है कि दलबदलू नेताओं की पहली पसन्द तो भाजपा है, लेकिन हर कोई भाजपा में जा नहीं सकता और भाजपा हर किसी को ले नहीं सकती, इसलिए समाजवादी पार्टी, दलबदलू नेताओं की पसन्द बनी हुई है। इस एतबार से कहा जा सकता है कि समाजवादी पार्टी किसी से पीछे नहीं है। मायावती की सरकार में कभी नम्बर दो की हैसियत रखने वाले नसीमुद्दीन आठ साल कांग्रेस में रहने के बाद अब साइकिल सवार हो गये। उन्होंने कांग्रेस में काम न मिलने का दर्द बयां करते हुए 24 जनवरी को पार्टी को अलविदा कह दिया था। 2007 से 2012 के बीच मायावती सरकार में नसीमुद्दीन कद्दावर मंत्री थे। 1995 में जब मायावती बीजेपी के सपोर्ट से मुख्यमंत्री बनीं, तब नसीमुद्दीन को एमएलसी बनाकर कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी दी गई, वे सभी बीएसपी सरकारों में मंत्री बनाए गए, साल 2007-2012 की बसपा सरकार में नसीमुद्दीन सिद्दीकी के पास 18 मंत्रालय थे और उन्हें मिनी सीएम कहा जाता था। 2017 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी की हार के बाद 10 मई 2017 को मायावती ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में उन्हें पार्टी से निकाल दिया। इसके बाद नसीमुद्दीन ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। करीब आठ साल कांग्रेस में रहे। पार्टी ने उन्हें पश्चिम क्षेत्र का अध्यक्ष भी बनाया, लेकिन न वो कोई करिश्मा कर पाए और न ही कांग्रेस यानी उनके होने से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ। नसीमुद्दीन ने 2019 में बिजनौर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, जहां जमानत भी नहीं बचा पाए। कांग्रेस से अलग होने के बाद नसीमुद्दीन ने मायावती की तारीफ कर बसपा में वापसी का मन बनाया, लेकिन बसपा ने कोई दिलचस्पी नहीं ली। बीच में चर्चा उठी कि वो नगीना सांसद चंद्रशेखर और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य से मिलकर कोई तीसरा ध्रुव बना सकते हैं। आखिरकार तमाम चर्चाओं के बीच नसीमुद्दीन ने अपना भविष्य सपा में देखा। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 की आहट शुरू हो गयी है, राजनीतिक माहौल अब गरमाने लगा है।अखिलेश यादव ने नसीमुद्दीन को पार्टी की सदस्यता दिलाई। माला पहनाकर पार्टी में नसीमुद्दीन का स्वागत किया। अखिलेश यादव ने नसीमुद्दीन को स्मृति चिह्न के साथ अहिल्याबाई की तस्वीर भेंट की। अखिलेश यादव ने सभी का जोरदार स्वागत किया। नसीमुद्दीन ने इस मौके पर प्रदेश की सत्ता में बदलाव की बात की। समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में प्रतापगढ़ के पूर्व विधायक राजकुमार, देवरिया के पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, नेता अनीस अहमद फूल बाबू और एआईएमआईएम से जुड़े रहे दानिश खान भी शामिल रहे। इसके अलावा महिला नेताओं में रचना पाल, हुसना सिद्दीकी, पूनम पाल और अलका समेत कई कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने समाजवादी विचारधारा और संगठन को मजबूत करने का संकल्प जताया। एक साथ कई प्रभावशाली चेहरों की एंट्री को समाजवादी पार्टी 2027 से पहले संगठन विस्तार के तौर पर देख रही है। अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान साफ संकेत दिए कि 2027 की लड़ाई को लेकर सपा अभी से पूरी ताकत झोंक रही है। इस दौरान अलग-अलग दलों से आए कई नेताओं ने सपा का दामन थामा, जिसे पार्टी पीडीए को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम मान रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि ये सभी ज्वाइनिंग पीडीए को मजबूत करने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि होली मिलन से पहले पीडीए का विशेष मिलन कार्यक्रम होगा, जो भी पीड़ित और दुखी है, पीडीए उसके साथ खड़ा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष का अपमान किया जा रहा है। जो लोग दूसरों से सर्टिफिकेट मांगते हैं, पहले अपना सर्टिफिकेट दिखाएं। उन्होंने कहा,कुछ लोग तो ऐसे हैं, जो हमारे पूजनीय शंकराचार्य को भी अपमानित करते हैं, जो पीड़ित है, अपमानित है, उसके साथ भी पीडीए है। इसलिए शंकराचार्य के साथ भी हमलोग हैं, जो लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं कि शंकराचार्य शंका से परे होते हैं। उनको बता दूं, हमारी संस्कृति रही है कि कोई भी गेरुआ वस्त्र धारण कर लेता है, तो हम उसे सम्मान की नजरों से देखते हैं। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद नसीमुद्दीन ने कहा कि हर व्यक्ति का अपना विचार होता है। उनका मकसद समाज को मजबूत करना, कानून व्यवस्था सुधारना और प्रदेश का विकास करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, किसानों, युवाओं और छात्रों को उनका हक मिलना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि अगर समाजवादी पार्टी मजबूत है तो हम सब मजबूत हैं। सिर्फ बातें करने से कुछ नहीं होता, जमीन पर काम करना पड़ता है। नसीमुद्दीन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुकाबला साधारण लोगों से नहीं है। असली मजा तब आता है, जब सामने मजबूत विरोधी हो। उन्होंने अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि पहले पार्टी का अनुशासन, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश और उसके बाद विचारधारा इसी क्रम में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य साफ होना चाहिए, 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है और राष्ट्रीय अध्यक्ष को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है, अभी से पूरी ताकत लगानी होगी। आने वाले दिनों में यह दलबदल कार्यक्रम और तेजी से चलेगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'अक़्ल' 'सत्ता' 'विश्वास' 'बकवास'

अक़्ल से पैदल हैं दोनों फिर भी सत्ता चाहिये,  
झूट दोनों बोलते हैं, एक दम विश्वास से।  
अब तो उनके खास चमचे भी यही कहने लगे,  
जिन्दगी बकवास करली, आपने बकवास से।

ॐ शान्ति  शोक सन्देश  ॐ शान्ति



मान्यवर,  
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी  
श्री राजकुमार बंसल जी का स्वर्गवास दिनांक 04-02-2026 को हो गया है।  
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।  
उनकी रस्म पगड़ी (अरिष्टी) का कार्यक्रम निम्नानुसार रखा गया है।  
आपकी स्नेहोपस्थिति प्रार्थनीय है।

सोमवार, 16 फरवरी, 2026

| | |
|---|---|
| हवन | 8.00 बजे प्रातः |
| ब्रह्मभोज | 12.00 बजे दोपहर |
| रस्म पगड़ी | 02.00 बजे दोपहर |

शोकाकुल परिवारः-  
श्रीमती संतोष देवी (पत्नी)  
मनोज बंसल (पुत्र)  
अजय बंसल एवं पूजा बंसल (पुत्र-पुत्रवधू)  
सी.ए. मनीष बंसल एवं प्रतिभा बंसल (पुत्र-पुत्रवधू)  
शालू सिंघल एवं ब्रजभूषण सिंघल (पुत्री-दामाद)  
दिव्या मित्तल एवं विशाल मित्तल (पौत्री-दामाद)  
हर्षित बंसल, यश बंसल, कृष्णा बंसल,  
देवांश बंसल एवं आराध्या बंसल (पौत्र-पौत्री)  
एवं समस्त बंसल परिवार

कार्यक्रम स्थलः-  
भावना फार्म्स  
लिंक रोड, आदर्श कॉलोनी,  
मुजफ्फरनगर

प्रतिष्ठानः-  
अग्रवाल अजय एंड एसोसिएट्स  
(चार्टर्ड एकाउंटेंट्स)  
कृष्णा प्रॉपर्टीज  
MSM पार्टनर्स (LLP)

निवास स्थान :-  
गली नं0 9/1, बचन सिंह कॉलोनी, मुजफ्फरनगर  
M:. 9897096952, 9897570911







एसडी कॉलेज मॉर्किट में पूजा अर्चना करते हुए।







खाटू श्याम मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

# गणपति धाम में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ व अतिथियों ने की आरती

मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि पर भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना एवं महाआरती का विशेष आयोजन किया गया। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ समेत तमाम अतिथियों ने आरती में भाग लिया। गणपति धाम में आज सुबह से ही हरिहर महादेव पर जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसके बाद दिन में रुद्राभिषेक चला। शाम के समय विशेष आरती का आयोजन किया गया। घंटा ध्वनि और हर-हर महादेव के उच्चार के साथ आरती में मुख्य रूप से अपर जिला जज विद्या भार्गव, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, व्यापारी नेता संजय मित्तल, सुरेंद्र अग्रवाल, विजय शुक्ला, कुलदीप गोयल, अंजू अग्रवाल, राजीव गर्ग, राजकमल जैन, राजीव जैन, विपुल भटनागर, कुश पुरी, विनय बंसल, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, भीमसेन कंसल, अशोक गर्ग, अमरीश सिंघल, विजेंद्र रानो, अनिल गोयल, जेपी गोयल रजत राठी, रजत गोयल, विकास अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, प्रतीक कंसल सहित काफी संख्या में शिव भक्तों ने भाग लिया। पूरा मंदिर प्रागंण भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा।

## न्यू एसडी कॉलेज मार्केट में महाशिवरात्रि पर भव्य महाआरती संपन्न

मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)। न्यू एसडी कॉलेज मार्केट में आज भव्य ढंग से सजाए गए शिव मंदिर में भोले के जयकारे गूंजे। संध्या के समय आयोजित विशेष आरती में तमाम गणमान्य अतिथियों ने भगवान आशुतोष की आराधना की। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। न्यू एसडी कॉलेज मार्केट स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर आज भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। भगवान शिव के जयकारों के साथ पूरा पांडाल गूंज उठा। यहां बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, गौरव स्वरूप, पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, आकाश कुमार एसडी, अशोक बाठला, अज्जू मदान, अनिल नामदेव, योगेश भगत जी, आकाश शाल दुपट्टा, कुलदीप गोयल, नरेश अरोरा, राकेश कंसल, विजय शुक्ला, श्याम रहेजा, केवल राम चुग्घ, अनुराग गर्ग, अचिन कंसल, विपिन गोयल, विजय तागरा आदि ने आरती में भाग लिया।

## ज्वेलर्स की दुकान में चोरी का प्रयास विफल
## चरथावल में चोर सीसीटीवी में कैद, पुलिस जांच में जुटी

चरथावल, 15 फरवरी (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम निर्धना में बीती रात एक ज्वेलर्स की दुकान में चोरी का प्रयास किया गया। हालांकि, चोर अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मुजफ्फरनगर निवासी गौरव वर्मा पुत्र राकेश वर्मा की गांव में 'भगवती ज्वेलर्स' नाम से दुकान है। पुलिस के अनुसार, बीती रात करीब 2 बजे अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास किया। आसपास लोगों की आवाजाही के कारण चोर चोरी की वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाए और मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने का प्रयास कर रही है। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने चिंता व्यक्त की। दुकान मालिक गौरव वर्मा ने चरथावल थाना पुलिस को इस संबंध में तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण ने बताया कि चोरी का प्रयास विफल रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।



## पूजा कर लौट रहा व्यक्ति नाले में गिरा



खतौली, 15 फरवरी (बु.)। नगर क्षेत्र के गांव शेखपुरा में सफेदा बाईपास मार्ग स्थित एक खुले नाले में मंदिर से पूजा कर लौट रहा व्यक्ति अंधेरे के कारण गहने नाले में गिर गया। पीड़ित व्यक्ति की चीख-पुकार सुनकर नागरिकों द्वारा निकालकर घर पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार गांव शेखपुरा क्षेत्र का एक व्यक्ति सुबह के अंधकार के दौरान जब मंदिर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान सफेदा रोड स्थित एक खुले गंदे पानी के नाले में पैर फिसलने से उक्त व्यक्ति नाले में गिर गया। बताया जाता है कि नाले में गिरे व्यक्ति द्वारा बचाव हेतु बहुत समय तक शोर मचाया, परन्तु किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी। कुछ समय बाद नाले में गिरे व्यक्ति की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा हाथ पकड़कर किसी प्रकार व्यक्ति को नाले से निकाला गया।



कच्ची सड़क स्थित मां भगवती मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालुगण

## चोरों ने एक हफ्ते बाद फिर की एक ही रात में आधा दर्जन ट्यूबवैलों पर चोरी

बुढ़ाना, 15 फरवरी (बु.)। करीब दर्जनों ट्यूबवैलों पर पिछले हफ्ते हुई चोरी की घटना को ग्रामीण अभी भूले भी नहीं थे कि अज्ञात चोरों ने फिर दोबारा से बैखौफ होकर एक ही रात में 6 ट्यूबवैलों पर चोरी की घटना को अंजाम देकर बुढ़ाना पुलिस की कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी, जिसको लेकर किसानों में पुलिस के प्रति भारी रोष पनप रहा है। एक ही रात में छह ट्यूबवैलों पर चोरी की यह घटना भी तब हुई, जब बुढ़ाना पुलिस ने 3 दिन पहले ही एक इनामी बदमाश का फुल एनकाउंटर किया था और ट्यूबवेलों पर चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार कर जेल भेजे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को किसानों के गुस्से को झेलना पड़ा तो पुलिस ने सभी को ये कहकर शांत कर दिया कि वे



महाशिवरात्रि की ड्यूटी पर लगे थे, नहीं तो चोरी की घटना नहीं होती। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बसी खुर्द, वैल्ली, माजरा और अलीपुर अटेरना के जंगलों में एक सप्ताह पहले लगभग एक दर्जन ट्यूबवैलों पर चोरी की घटना हुई थी, जिसमें सभी किसानों की ट्यूबवैलों पर एक लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था और उनकी ट्यूबवैलें भी बंद हो गयी थी मगर पुलिस ने तीन दिन पहले ही इन सभी घटनाओं का खुलासा कर तीन चोरों को कुछ सामान बरामद कर जेल भेज दिया था और उसी दिन एक बदमाश का भी एनकाउंटर कर दिया था। इसके बाद भी आज फिर दिन निकलने से पहले ही रविवार की प्रथम रात्रि में अज्ञात चोरों ने उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव वैल्ली और गांव बसी खुर्द के जंगल में स्थित गांव वैल्ली निवासी शुभम पंवार, ज्ञान सिंह पंवार, सुधीर पंवार पुत्र ओम सिंह, बाबा राजबीर पंवार, जितेंद्र पंवार पुत्र लाल सिंह और अनुज पंवार पुत्र हरेंद्र सिंह की ट्यूबवैलों से केबिल व अन्य सामान चोरी कर पुलिस की कानून व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए। इस घटना का पता सभी किसानों को आज सुबह तब लगा, जब सभी किसान अपनी अपनी ट्यूबवैलों पर गये। किसानों ने एक हफ्ते में डेढ़ दर्जन से भी अधिक ट्यूबवैलों पर हुई चोरी की दो घटनाओं को लेकर गुस्से का इजहार किया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को सभी किसानों का गुस्सा झेलना पड़ा। तब बुढ़ाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर सभी किसानों को आश्वस्त किया कि वे इन घटनाओं का खुलासा भी एक दो दिन में कर देंगे। वे रात में महाशिवरात्रि की ड्यूटी पर थे, नहीं तो चोरी नहीं होती।

## कथित शोरूम पर टाइम पर बुलेट ने मिलने पर ग्राहकों का हंगामा

खतौली, 15 फरवरी (बु.)। जीटी रोड स्थित कथित के शोरूम पर रविवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक ग्राहक ने समय पर बुलेट न देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। देवीदास निवासी ने बताया कि उन्होंने लगभग एक माह पूर्व अपनी पुत्री की शादी के लिए बुलेट बुक कराई थी। शोरूम संचालक की ओर से 15 फरवरी को गाड़ी देने का आश्वासन दिया गया था। पीड़ित का आरोप है कि शिवरात्रि के पावन अवसर पर शोरूम स्वामी ने उनकी बुक की गई मोटरसाइकिल किसी अन्य व्यक्ति को दे दी। पीड़ित ने कहा कि उनकी पुत्री की शादी तय समय पर होनी है और दो दिन बाद लगन-सगाई की रस्म में बुलेट देना अनिवार्य है। ऐसे में समय पर वाहन न मिलने से परिवार को सामाजिक असुविधा और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। शोरूम पर हुए हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं शोरूम प्रबंधन की ओर से मामले में सफाई देते हुए कहा गया कि बुकिंग और डिलीवरी को लेकर कुछ तकनीकी कारणों से देरी हुई है, जिसे जल्द सुलझा लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है और दोनों पक्षों से लिखित बयान लिए जा रहे हैं।

# महाशिवरात्रि पर गोदान के विशेष शो से दिया गौ सेवा संदेश

## - ग्रांड प्लाजा मॉल में आयोजित कार्यक्रम में बताई गाय की महत्ता

मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष पहल के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप व चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भाजपा कार्यकर्ताओं और हिंदू समाज के लोगों को गौ माता की सेवा, संवर्धन व संरक्षण करने के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से फिल्म गोदान का विशेष शो संपन्न कराया गया। भोपा रोड के ग्रांड प्लाजा मॉल सिनेमा घर में संपन्न शो में जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, मंत्री एवं विधायक कपिल देव अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग एवं शहरवासी मौजूद रहे। महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर आयोजित इस शो का उद्देश्य सनातन संस्कृति में गौ माता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा गौ सेवा के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। हमारी संस्कृति में गाय को माता का दर्जा







दिया है, जो मात्र धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक व नैतिक दायित्व भी है। गोदान फिल्म शो के माध्यम से हम समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि गौ संरक्षण एवं सेवा हम सभी की जिम्मेदारी है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में गौमाता के अतुलनीय महत्व को प्रस्तुत करते हुए फिल्म ने हमें गौ सेवा व संवर्धन का मार्ग दिखाया है। भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कहा कि सनातन संस्कृति में गाय को समृद्धि, करुणा और सेवा का प्रतीक माना गया है। गौ सेवा से समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को भी यह संदेश देना होगा कि गौ माता के प्रति सम्मान और संरक्षण हमारी परंपरा की आत्मा है, इस शो का यही विशेष उद्देश्य है। यह कहानी गौ संरक्षण और परंपरा के वैज्ञानिक व सांस्कृतिक महत्व पर आधारित है। इस दौरान लोगों ने फिल्म के माध्यम से गौ सेवा और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व को समझने का संकल्प लेते हुए इसे सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सुधीर खटीक, संजय गर्ग, पवन अरोरा, जगदीश पांचाल, सचिन सिंघल, कृष्ण गोपाल मित्तल, शलभ गुप्ता, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, विकल्प जैन, रजत धीमान, विजय चिंटू, योगेश मित्तल, राधे वर्मा, सुनीता अंबेडकर, प्रमोद अंबेडकर, ललित कुमार, शोभित गुप्ता, डीके जैन आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का सीएमओ ने जाना सच

मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)। सीएमओ सुनील तेवतिया ने मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के तहत आयोजित स्वास्थ्य मेलों का औचक निरीक्षण किया। इन स्वास्थ्य मेलों का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के आमजन को एक ही स्थान पर निःशुल्क, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छपार, बरला, बसेड़ा, शेरपुर व सिकंदरपुर में आयोजित मेलों का निरीक्षण करते हुए ओपीडी, चिकित्सकीय परामर्श, पैथोलॉजी जांच, टीकाकरण व्यवस्था, दवा वितरण काउंटर, आयुष्मान भारत योजना से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा भी की। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले हर मरीज की समुचित जांच कर परामर्श एवं निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने विशेष रूप से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, टीबी तथा अन्य गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग पर बल दिया। साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के नियमित टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करके स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया तथा साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।





## श्री हरिवृन्दावन सिटी में घर-घर कूड़ा संग्रहण सेवा होगी शुरू

मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)। आवासीय कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच सुरेन्द्र नगर एवं श्री हरिवृन्दावन सिटी में अब डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सेवा भी प्रारंभ की जाएगी। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शिकायत का संज्ञान लेकर संबंधित सेवा प्रदाता कंपनी को तत्काल प्रभाव से सेवा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं तथा अभी तक सेवा शुरू न किए जाने के लिए की गई लापरवाही पर नाराजगी जताई है। रविवार प्रातः श्री हरिवृन्दावन सिटी सोसायटी के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने चेयरपर्सन के पटेलनगर स्थित आवास पर पहुंच कर मुलाकात की। उक्त लोगों ने अभी तक कॉलोनी में समुचित सफाई व्यवस्था न होने तथा घर-घर कूड़ा संग्रहण सेवा शुरू न होने से अवगत कराया। उन्होंने भाजपा नेता गौरव स्वरूप से भी मुलाकात करके सफाई प्रबंधन दुरुस्त कराने की मांग की। लोगों ने कहा कि नियमित कूड़ा उठान न होने से कई समस्या बनी हैं। अभी तक वहां डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की सेवा शुरू नहीं



हो पाई है। लोगों की शिकायत पर सफाई कार्य देख रही सेवा प्रदाता कंपनी जेएस एनवायरो प्रा. लि. के परियोजना प्रबंधक नीतेश चौधरी को बुलाकर चेयरपर्सन ने ऐसे सभी क्षेत्रों में, जहां सेवा प्रारम्भ नहीं हो सकी है, तत्काल कूड़ा संग्रहण और अन्य सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परियोजना प्रबंधक नीतेश चौधरी ने बताया कि पूर्व में सेवा प्रारंभ करने का प्रयास किया था, किन्तु इन कॉलोनियों में कुछ लोगों ने विरोध किया। साथ ही प्राइवेट रेहडा सफाई कर्मी पहले से कूड़ा एकत्र कर रहे हैं, जिसके कारण सेवा संचालन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। चेयरपर्सन ने ऐसे प्राइवेट सफाई कर्मियों को हटाने तथा अनावश्यक विरोध करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चेयरपर्सन ने निर्देशित किया कि जिन वार्डों का क्षेत्रफल बड़ा है, वहां दो सुपरवाइजर तथा तीन कूड़ा वाहन लगाए जाएं। हर वार्ड में कम से कम एक सुपरवाइजर की नियुक्ति अनिवार्य रूप से तय की जाए। इसके साथ डलावघरों से प्रतिदिन नियमानुसार कूड़े का निस्तारण कराने के आदेश दिए, ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था सुचारु बनी रहे। इस दौरान श्री हरिवृन्दावन सिटी सोसायटी की अध्यक्ष सुनिता दहिया, देवेन्द्र दहिया, रश्मि मिश्रा, भीम सिंह, मनोज गुप्ता, दीपा गुप्ता, संगीता वत्स, शुभम गोयल, मनीष शर्मा, नरेश बंसल, योगेन्द्र चौधरी और बबीता चौधरी आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार पर हिंसक हमले की घटना पर जताया रोष

मुजफ्फरनगर, 15 फरवरी (बु.)। विजय प्रताप सिंह के प्रतिष्ठान पर दिल्ली विश्वविद्यालय में पत्रकार रुचि तिवारी के साथ कथित हिंसक घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक में कहा गया कि शिक्षा परिसर में संवाद, विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रतीक होने चाहिए, न कि भय और हिंसा के। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति, विशेष कर एक महिला पत्रकार पर भीड़ द्वारा हमला लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की फिर पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा साहस, सम्मान और न्याय की रही है। वही परंपरा जिसे रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीरों ने जीवित रखा। आज जरुरत है कि हम कानून, संयम और एकता के मार्ग पर चलकर



समाज में शांति और आपसी सम्मान को मजबूत करें। बैठक में संजय मिश्रा ने कहा कि बहन-बेटियों से बदतमीजी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विजय प्रताप सिंह ने इस घटना को घोर निंदनीय बताया। वहीं राकेश त्यागी ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर सरकार को सख्त रोक लगानी चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से चंद प्रकाश शर्मा, विशाल जैन, शैकीं शर्मा, हिंदूवादी नेता बिट्टू सिखेड़ा, दिनेश, जतिन आदि मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से लाखों की ठगी का आरोप

### - पैसे वापस मांगने पर आरोपी दे रहे जान से मारने की धमकी

भोपा, 15 फरवरी (बु.)। विदेश में नौकरी दि#लाने का सपना दिखाकर ठगों ने थाना क्षेत्र के दो युवकों को ठगी का शिकार बना डाला। आरोपियों ने दो महीने के वीजा पर कजाकिस्तान भेजने का झांसा देकर दोनों से लगभग चार लाख रुपए की रकम ऐंठ ली, लेकिन वहां पहुंचने पर वीजा महज तेरह दिन का निकला, जिसके बाद युवकों को वापस लौटना पड़ा। वापिस आकर पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ितों ने अलग-अलग तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी मेहरबान और तिस्सा निवासी सराफत अली ने बताया कि वह करीब आठ माह पूर्व दोनों रोजगार की तलाश में कजाकिस्तान गये थे। थाना क्षेत्र के ही निवासी दो भाइयों के माध्यम से दोनों ने विदेश जाने का प्रबंध किया था, जिसके लिए दोनों आरोपियों ने उनसे दो महीने के वीजा का झांसा देकर लगभग चार लाख रुपये लिए थे। दोनों पीड़ितों ने बताया कि कजाकिस्तान पहुंचने पर जब उसने अपने कागजात चेक किए तो पता चला कि उसका वीजा सिर्फ 13 दिन का है, जिसके बाद दोनों को स्वदेश भेज दिया गया। वापस आने के बाद जब पीड़ितों ने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों उन्हें धमकी देना शुरू कर दिया। पीड़ितों के अनुसार आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। डरे-सहमे पीड़ितों ने आखिरकार हिम्मत करके भोपा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट, 10 दिन पहले शुरू होगी यात्रा

देहरादून, 15 फरवरी (एजेंसी)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट इस साल 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे खुलेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचकेदार गद्दी स्थल उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में वैदिक विधि-विधान और पंचांग गणना के बाद शुभ मुहूर्त की



औपचारिक घोषणा की गई। इस वर्ष कपाट वृष लग्न में खुलेंगे, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इस साल केदारनाथ यात्रा पिछले साल की तुलना में पहले शुरू हो रही है। 2025 में धाम के कपाट 2 मई को खुले थे, जबकि इस बार 22 अप्रैल को खुलेंगे। यानी श्रद्धालु इस बार 10 दिन पहले बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। तिथि घोषित होते ही शासन-प्रशासन और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने यात्रा तैयारियों को तेज कर दिया है। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और यात्रियों के लिए सुविधाएं दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

## महाशिवरात्रि : 12 ज्योतिर्लिंग समेत सभी शिवालयों में दर्शन-पूजा

नई दिल्ली, 15 फरवरी (एजेंसी)। देशभर में आज महाशिवरात्रि पर्व के साथ महाकाल मंदिर के पट रात 2.30 बजे से खुले। शाम 5 बजे तक करीब 4 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे साल में एक बार होने वाली भस्म आरती भी होगी। महाकाल का दूल्हे के रूप में श्रृंगार करने के लिए 3 क्विंटल फूल

# गाजियाबाद में किसानों पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां : खेतों में दौड़ाकर पीटा

### गुस्साई भीड़ ने भी पत्थर मारे; डंपिंग ग्राउंड का विरोध कर रहे थे

गाजियाबाद, 15 फरवरी (एजेंसी)। गाजियाबाद में डंपिंग ग्राउंड को लेकर रविवार को बवाल हो गया। ट्रॉनिका सिटी में बन रहे डंपिंग ग्राउंड का किसान विरोध कर रहे थे। इसी बीच प्रदर्शन कर रहे किसानों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई।



पुलिस उनको जबरिया हटाने लगी और गाड़ियों में भरना शुरू किया, तो किसान उग्र हो गए। इस पर गुस्साई भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई महिलाएं और बुजुर्ग घायल हो गए। एक बुजुर्ग महिला तो बेहोश हो गई। गांववालों का दावा है कि करीब 25 लोग घायल हुए हैं। एक महिला के सिर में गंभीर चोट लगी है, वहीं एक ग्रामीण का कूल्हा टूट गया। किसानों का कहना है कि हम सिर्फ अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। यहां डंपिंग ग्राउंड बनने से पूरे इलाके में बदबू फैलती है। लोग बीमार होते हैं। इस जमीन पर स्कूल या अस्पताल बनाया जाना चाहिए, न कि कूड़ाघर। मामला ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र का है। पुलिस का धक्का लगने से कई महिलाएं घायल हो गईं। एक बुजुर्ग महिला तो जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। मीरपुर हिंदू गांव में डंपिंग ग्राउंड बना है। इसके विरोध में किसान और ग्रामीण धरना दे रहे थे। इसी बीच वहां पहुंची पुलिस से उनकी नोकझोंक हो गई। स्थिति उस समय बिगड़ गई, जब पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई किसान, महिलाएं और बुजुर्ग घायल हो गए। गांववालों का कहना है कि वे शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे। अचानक पुलिस ने लोगों को जबरन गाड़ियों में बैठाना शुरू कर दिया। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो उन पर भी लाठियां चलाई गईं। वहीं, एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस की तरफ से लाठीचार्ज नहीं हुआ है। केवल हल्का बल प्रयोग किया गया है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया- आज मीरपुर में किसानों के एकत्र होने की बात सामने आई थी। किसानों को अधिकारियों को ज्ञापन देना था। इस बीच किसान डंपिंग ग्राउंड का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। किसानों को हटाने में 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इन्हें उपचार के लिए भेजा गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। इसमें आगे की कार्रवाई की जा रही है। पथराव की भी वीडियो फुटेज आए हैं।

## फेरों से कुछ मिनट पहले पहुंच गई प्रेमिका, बोली- 4 साल से हम लिव में हैं

शामली, 15 फरवरी (बु.)। फेरों से पहले सहारनपुर के गंगोह क्षेत्र की युवती मंडप में पहुंच गई और दूल्हे को अपना प्रेमी बताते हुए जमकर हंगामा किया। युवती ने आरोप लगाया कि युवक चार साल से उसके साथ लिव-इन में रह रहा है। युवती ने चेतावनी दी कि यदि युवक की शादी किसी और से कराई गई तो वह जान दे देगी। जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव में काफी देर तक चले हंगामे के बाद दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे समेत बरातियों और युवती को बंधक बना लिया। मामले को लेकर रविवार को गांव में पंचायत बैठी, जिसमें दुल्हन पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। पंचायत में शादी में हुए खर्च की भरपाई को लेकर सहमति बनी और दूल्हे पक्ष द्वारा 13 लाख रुपये देने के आश्वासन पर बरात को बंधनमुक्त किया गया। इसके बाद दूल्हा बिना दुल्हन के ही वापस लौट गया। बताया गया कि सहारनपुर के गंगोह क्षेत्र निवासी युवक सब्जी की दुकान पर काम करता है। उसकी बरात शनिवार दोपहर जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव पहुंची थी। शाम करीब पांच बजे मंडप में फेरों की तैयारी चल रही थी, तभी युवती वहां पहुंची और हंगामा शुरू कर दिया। युवती का कहना था कि वह सहारनपुर की एक कंपनी में काम करती है और युवक के साथ चार साल से लिव-इन में रह रही है। युवती के हंगामे के बाद दुल्हन पक्ष ने दूल्हा, उसके पिता, ताऊ और अन्य परिजनों के साथ युवती को भी बंधक बना लिया। दुल्हन पक्ष का कहना था कि जब युवक का पहले से प्रेम संबंध था तो इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। रातभर बरात और युवती गांव में ही बंधक रहे। रविवार सुबह गांव में दूल्हा, दुल्हन और युवती पक्ष के लोगों की पंचायत बैठी। पंचायत में दुल्हन पक्ष ने शादी से साफ मना करते हुए खर्च हुए 14 लाख रुपये की मांग रखी। करीब छह घंटे चली पंचायत के बाद दूल्हा पक्ष 13 लाख रुपये देने को राजी हो गया। इसके बाद बरात को छोड़ा गया। एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जानकारी से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि जानकारी ली जा रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। ग्रामीणों के अनुसार युवक सहारनपुर में युवती के पिता की ही सब्जी की दुकान पर चार साल से काम कर रहा है।